प्रहरी न्यूज़
Hindi News & Information Portal

एलपीसीपीएस में बौद्धिक संपदा और तकनीकी उन्नति पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी

Wednesday, March 06, 2024 19hourss Views 3

लखनऊ : लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (LPCPS) द्वारा तीन दिवसीय 'बौद्धिक संपदा और तकनीकी उन्नति' विषयक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन सोमवार को प्रारम्भ किया गया। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के पहले दिन का आयोजन 4 मार्च, 2024 को किया गया था। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के महानिदेशक प्रोफेसर डॉ.भरत राज सिंह और रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष डॉ. सत्य भूषण वर्मा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि/ मुख्यवक्ता रहे। एलपीसीपीएस के डीन एकेडमिक्स प्रो. डॉ.लक्ष्मी शंकर अवस्थी ने अतिथियों व सभी प्रतिभागियों/ उपस्थितिगणों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में डॉ.भरत राज सिंह ने बौद्धिक संपदा और तकनीकी प्रगति पर एक महत्वपूर्ण वक्तव्य व शोध पत्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में प्रतिभागियों ने तकनीकी शोध पत्र प्रस्तुत किये, जिसमें श्यामलेंदू दास, अमित, सलोनी अग्रवाल, रश्मि सचान, अंशिका बेजल प्रमुख रहे। सत्र के दौरान डीन एकेडमिक्स एलपीसीपीएस प्रो.डॉ.एल.एस.अवस्थी, कंप्यूटर साइंस के प्रमुख डॉ.एके राय, कॉमर्स के प्रमुख डॉ.दयाशंकर, मैनेजमेंट के प्रमुख डॉ.समीर कुमार, आर्टस के प्रमुख डॉ.नीरज सिंह, डॉ. तरु गुप्ता के साथ-साथ डॉ.आशीष कौशल, डॉ मयंक, डॉ.हरिमोहन और अन्य संकाय सदस्य और छात्र भी उपस्थित रहे और ज्ञान अर्जन किया।

---

https://prahrinews.com/archives/74206